शनिवार
15 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



त्रिदंडी देव राजकीय डिग्री कॉलेज का राज्यपाल ने किया उद्घाटन 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## खबरें फटाफट

### बिहार के सभी विवि में शुरू होगा चार वर्षीय बीए कोर्स

**पटना।** बिहार के सभी विश्वविद्यालय अब इस वर्ष आगामी शैक्षणिक सत्र से च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के तहत चार वर्षीय स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करेंगे। राजभवन से जारी बयान में इसकी जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि वर्तमान में प्रदेश के अधिकतर महाविद्यालयों में तीन वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम वार्षिक पद्धति से चलाए जा रहे हैं। इस आशय का निर्णय बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर की अध्यक्षता में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में लिया गया।

### भीषण गर्मी के कारण पटना में बदला गया स्कूलों का टाइम

**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी पड़ने लगी है। मौसम विभाग ने लू चलने के भी संकेत दिए हैं। इस बीच राजधानी पटना के स्कूलों की टाइमिंग बदल दी गई है। पटना के डीएम चंद्रशेखर ने शुक्रवार को इस संबंध में ऑर्डर जारी किया है। 15 अप्रैल से स्कूलों में सुबह 11:45 बजे तक ही पढ़ाई होगी। गर्मी को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है।

### रेलवे में माननियों के लैटरपैड मान्य नहीं

**पटना।** रेलवे द्वारा मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के लिए टिकट रिजर्वेशन में अलग कोटा रखा है। जिसमें ज्यादातर माननियों के लैटरपैड पर सीट के लिए लिखकर देने पर उनकी सीट बुक हो जाती है। लेकिन अब रेलवे ने इसमें बड़ा बदलाव कर दिया है। दशकों से लैटरपैड की मदद से सीट बुक करने की परंपरा को बंद कर दिया गया है। अब रेलवे में माननियों के लैटरपैड मान्य नहीं होंगे और न ही इसकी सहायता से रिजर्वेशन मिलेगा। फैक्स व्यवस्था की जगह मेल सिस्टम को अपनाया गया है।

### दिल्लीवासियों को मिलती रहेगी बिजली सब्सिडी

**नई दिल्ली।** दिल्लीवासियों को फिलहाल पहले की तरह बिजली सब्सिडी मिलती रहेगी। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बिजली सब्सिडी की फाइल को मंजूरी दे दी है। दिल्ली में रहने वाले 46 लाख से ज्यादा लोगों को मिल रही बिजली सब्सिडी का रास्ता अब साफ हो गया है। अब राजधानी के लोगों को बिजली सब्सिडी मिलती रहेगी।

# पीएम मोदी ने असम को 14300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की दी सौगात

- असम दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी ने गुवाहाटी को दिया एम्स का तोहफा
- 500 बेड वाले 3 मेडिकल कॉलेजों की भी प्रधानमंत्री ने रखी आधारशिला

**एजेंसी/गुवाहाटी**

असम के दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी ने गुवाहाटी को एम्स का तोहफा दिया। यह अब तक का पूर्वोत्तर राज्यों का पहला एम्स है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों का भी उद्घाटन किया। इसमें गुवाहाटी स्थित कोकराझार, नलवारी और नगांव महाविद्यालय और चिकित्सालय शामिल हैं। एम्स गुवाहाटी की आधारशिला मई 2017 में पीएम मोदी ने ही रखी थी। इसे 1120 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। इसके अलावा पीएम ने असम को 14300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी। उद्घाटन के बाद गुवाहाटी एम्स 150 बेड की क्षमता के साथ फिलहाल काम करना शुरू कर देगा।



वहीं इस मौके पर पीएम मोदी के सामने मेगा बिहू नृत्य का भी आयोजन किया जाना है। जहां करीब 10,000 से ज्यादा कलाकार एक साथ अपनी कला का प्रदर्शन करते नजर आएंगे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मैं अपने आपको बहुत भाग्यशाली मानता हूं जो मुझे असम आकर यह सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पीएम मोदी ने असम के गुवाहाटी में बोलते हुए विपक्ष पर बड़ा निशाना साधा। मोदी ने कहा कि, आजकल तो एक नई बीमारी देखने को मिल रही है। मैं देश में जहां भी जाता हूं और 9 सालों में हुए विकास की बात करता हूं तो कुछ लोगों को परेशानी होने लगती है। दरअसल उनकी शिकायत है कि दशकों तक तो हमने भी देश पर राज किया। लेकिन हमें उसका श्रेय क्यों नहीं मिला? पीएम ने कहा कि, 'श्रेय के भूखे लोगों ने देश का बहुत अहित किया है।'

### हमारे देश में कई ऐसे कानून हैं, जो अप्रसंगिक हो गए हैं, सरकार के स्तर पर इनकी निरंतर हो रही समीक्षा: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में कहा कि हमारे यहां के कई कानूनी प्रावधान ब्रिटिश काल से चले आ रहे हैं। कई ऐसे कानून हैं, जो अप्रसंगिक हो गए हैं। सरकार के स्तर पर हम इनकी निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। हमने ऐसे दो हजार केंद्रीय कानूनों की पहचान कर उनको खत्म कर दिया है। ऐसे 40 हजार से ज्यादा कंप्लांसिस को भी समाप्त कर दिया है। व्यापार के दौरान आने वाली दिक्कतों को भी दूर किया। सरकार ने केसों को करने में भी भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा, टेक्नोलॉजी आज एक पॉवर टूल बनकर उभरी है। सरकार हर क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का हर संभव उपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, गुवाहाटी हाई कोर्ट ऐसे समय में समय में 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है, जब देश की आजादी के भी 75 वर्ष पूरे होना का जश्न मना रहा है। हमारे लिए यह अभी तक के अनुभवों को सहेजना का भी समय है और नये लक्ष्यों के लिए जवाबदेही और जरूरी बदलावों का भी महत्वपूर्ण पड़ाव है।

पीएम मोदी ने 500 बेड वाले 3 चिकित्सा महाविद्यालयों नागांव, नलबाड़ी और कोकराझार मेडिकल कॉलेजो का भी तोहफा असम को दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम के लाखों-लाख साथियों तक आयुष्मान कार्ड पहुंचाने का काम मिशन मोड पर शुरू हुआ है। पिछले नौ साल में हमने इंफ्रा प्रोजेक्ट्स पर काम किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकारों में नीति, नीयत और निष्ठा किसी स्वार्थ से नहीं बल्कि 'राष्ट्र प्रथम, देशवासी प्रथम' इसी भावना से हमारी नीतियां तय होती हैं। इसलिए हमने वोटबैंक की बजाए देश की मुश्किलों को कम करने पर ध्यान दिया।

### पूछताछ के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल को सीबीआई का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें रविवार को सुबह 11 बजे बुलाया है। उनसे सीबीआई नई शराब नीति मामले में पूछताछ करना चाहती है। शराब घोटाला मामले में ही दिल्ली के पूर्व डेप्युटी सीएम मनीष सिसोदिया अभी जेल में हैं। 2021 में जब दिल्ली की नई आबकारी नीति लागू हुई, तब दावा हुआ कि राजस्व बढ़ेगा। हालांकि, दिल्ली सरकार की मुसीबतें जरूर बढ़ गईं। इस मामले में दिल्ली के डेप्युटी सीएम सिसोदिया अभी जेल में हैं। सीबीआई के समन के बाद आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा, कि सीबीआई का ये समन बीजेपी का केजरीवाल फोबिया दर्शाता है। नहीं डरते हम तुम्हारी सीबीआई-ईडी से।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर नीतीश कुमार ने की घोषणा

# सीएम का ऐलान... इसी साल दो लाख शिक्षकों की होगी बहाली

- नीतीश कुमार ने दिया भरोसा जो पहले से शिक्षक हैं उनका वेतन बढ़ाया जाएगा
- लोगों से की अपील- यह आप सभी की जिम्मेवारी है कि देश को आगे बढ़ाने में मिलकर योगदान दें

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती के अवसर पर जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस जयंती समारोह में मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं, इस दौरान उन्होंने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में सात दल एक साथ है। सभी सातों दलों ने मिलकर यह तय कर दिया है कि आगे शिक्षकों की बहाली सरकारी ही होगी। दो लाख से ज्यादा बहाली की जाएगी। यह बहाली इसी साल की जाएगी। साथ ही जो पहले से हैं उनके वेतन बढ़ोतरी की जाएगी। नीतीश कुमार ने कहा कि समाज के हर तबके को आगे बढ़ाने के लिए बिहार में काफी काम किए गए हैं।

**अब शिक्षक सरकारी नौकरी में आएंगे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों का विकास किया गया। हमलोगों ने बड़ी संख्या में चिकित्सकों और शिक्षकों की बहाली की इसी वर्ष बड़े पैमाने पर जल्द ही शिक्षकों की बहाली की जाएगी। अब शिक्षक सरकारी नौकरी में आएंगे। कुछ लोग सरकारी शिक्षक की बहाली पर अनाप-शनाप बोलने में लगे हुए हैं। पहले से जो शिक्षक हैं उनकी भी आमदनी बढ़ाई जाएगी। सीएम नीतीश कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी मेरे लिए नारा मत लगाइए। हम सभी को एकजुट करने में लगे हुए हैं। आप सभी एकजुट रहें। सब लोग एक-दूसरे का साथ दें। हम सभी सात पार्टियां मिलकर बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं। देश को आगे बढ़ाने के लिए अनेक दल एकजुट हो रहे हैं। सब लोग एकजुट हो जाएंगे तो देश आगे बढ़ेगा और गरीबी दूर होगी। आप सभी आपस में प्रेम और भाईचारे का भाव कायम रखें। यह आप सभी की जिम्मेवारी है कि देश को आगे बढ़ाने में मिलकर योगदान दें।



### पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने सीएम नीतीश कुमार पर कसा तंज, कहा- आप पहले से ही पीएम हैं, पी से पलटी, एम से मार

लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों को एकजुट करने के उद्देश्य से दिल्ली दौरे पर गए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को पटना वापस लौटे। इस पर तंज कसते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह कहा है कि सीएम पहले से पीएम हैं। पी से पलटी और एम से मार। आरसीपी सिंह ने शुक्रवार को ट्वीट करते हुए लंबा पोस्ट किया है। आरसीपी सिंह ने नीतीश कुमार को लेकर लिखा- आपका दिल्ली प्रवास व्यस्त रहा। कई दलों के नेताओं, उनके परिवार के सदस्यों से आपकी बड़ी ही स्नेहिल मुलाकात रही। स्वाभाविक है जब इतना हुआ तो कुछ बातें भी अवश्य हुई होंगी। बातचीत के मध्य में विपक्षी एकता का मुद्दा रहा और इसका नेतृत्व कौन करेगा इस पर अन्य दलों के नेता एवं आप खुद भी असहज दिखे। आरसीपी सिंह ने आगे अपने ट्वीट में कहा है कि आरजेडी के नेताओं एवं कार्यकताओं की इच्छा है कि जितना शीघ्र हो आप पीएम पद के उम्मीदवार/विपक्षी एकता के संयोजक या फिर और किसी नाम के बैनर के तहत बिहार से बाहर निकलें और मुख्यमंत्री की कुर्सी अपने उपमुख्यमंत्री को सौंप दें। आप क्या करेंगे वो आप ही जानते होंगे! कांग्रेस पार्टी का करीब 138 वर्षों का इतिहास रहा है। इस दल में एक ही वंश के तीन तीन प्रधानमंत्री हुए एवं आज पांचवीं पीढ़ी के छठे नेता पार्टी के सर्वे सर्वा हैं। इस परिस्थिति में नीतीश बाबू आप ही समझें कि कांग्रेस पार्टी विपक्षी एकता की कमान किन परिस्थितियों में आपको सौंपेगी।

# वैशाली में भीम आर्मी के जिला संयोजक की हत्या

**केटी न्यूज/हाजीपुर**

वैशाली भीम आर्मी के जिला संयोजक राकेश पासवान की बदमाशों ने गुरुवार की शाम घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। राकेश पासवान को यहां दलित का बड़ा नेता माना जाता था। बदमाशों ने सीने में चार गोली मारी है। घटना के बाद से इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। घटना हाजीपुर के लालगंज थाना क्षेत्र के पंचदमिया गांव की है। मौत के बाद लोगों ने जमकर बवाल काटा। गोली लगने के बाद खून से लथपथ हालत में समर्थक जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना से गुस्साए लोगों ने शुक्रवार को शव के साथ सड़क जाम कर दिया। कई दुकानों में तोड़-फोड़ की।



**नीतीश योगी सरकार से सीखें: चिराग-** लोक जनशक्ति पार्टी-पासवान के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि राकेश पासवान की हत्या से लोगों में आक्रोश है। हम बार-बार कहते हैं कि लोग कितनी हत्याओं का इंतजार करेंगे अभी। चिराग ने कहा कि कल अलग-अलग जिलों में कई ऐसी हत्याएं हुई हैं। दिनदहाड़े राकेश पासवान की हत्या कर दी। घर में घुसकर गोली मारी गई। यह दशार्ता है कि अपराधियों के मन में पुलिस प्रशासन का भय नहीं है। आगे कहा, "मैं नीतीश कुमार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीखने की सलाह दूंगा।





### दिल्ली के संसद भवन लॉन में आयोजित हुआ बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का जयंती समारोह

# पीएम ने लिखा... पूज्य बाबासाहेब को शत-शत नमन, जय भीम

**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद भवन लॉन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और अमित शाह ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, एनसीपी प्रमुख शरद पवार और अन्य नेताओं ने दिल्ली में संसद भवन लॉन में डॉ. अंबेडकर की जयंती समारोह में शामिल हुए। लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की चीफ मायावती ने भी अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी।



पीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा- 'पूज्य बाबासाहेब, जिन्होंने समाज के वंचित और शोषित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी जयंती पर शत शत नमन। जय भीम! राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'बाबा साहब के जन्मदिवस पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।'

**अंबेडकर जयंती पर अवकाश:** मोदी सरकार ने बाबासाहेब के सम्मान में एक ऐतिहासिक फैसला किया है। आजादी के 75 साल के बाद ऐसा पहली बार होगा जब 14 अप्रैल, 2023 को अंबेडकर जयंती पर देशभर में अवकाश रहेगा। डॉ. अंबेडकर की जन्मस्थली मध्य प्रदेश के महू में भव्य कार्यक्रम हुआ। इसमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यपाल मंगुभाई पटेल और पूर्व सीएम कमलनाथ भी पहुंचे। इसके अलावा यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर रावण भी महू पहुंचे।

### हैदराबाद में डॉ. आंबेडकर की 125 फीट की प्रतिमा

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने हैदराबाद में डॉ. आंबेडकर की जयंती के मौके पर उनकी 125 फीट की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर डॉ बीआर आंबेडकर के पोते और वंचित बहुजन अघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर भी मौजूद रहे। आंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण पर हेलिकॉप्टर से फूलों की बारिश करके उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। ये प्रतिमा राज्य सचिवालय के बगल में है। इससे पहले केसीआर ने कहा था कि राज्य सचिवालय के बगल में स्थापित आंबेडकर की प्रतिमा भारत में उनकी सबसे ऊंची प्रतिमा होगी और यह हर रोज लोगों और पूरे राज्य प्रशासन को प्रेरित करेगी।

## त्रिदंडी देव राजकीय डिग्री कॉलेज शुरू हुआ, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आलेरकर ने किया उद्घाटन

# यह उन लोगों की तपस्या का परिणाम है जिन्होंने कॉलेज के लिए अपनी भूमि दान की है : राज्यपाल

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए नए डिग्री कॉलेज की शुक्रवार को विधिवत शुरुआत हुई। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आलेरकर ने डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया है। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि आज का दिन एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि यहां एक महाविद्यालय आ रहा है। यह कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अधीन संचालित होगा। क्षेत्र के युवाओं और बच्चियों का वर्षों पुराना सपना आज पूर्ण हुआ है। जिस क्षण का हम सब करीब दशकों से इंतजार कर रहे थे, वह आज आया है। बच्चियों और नौजवान साथियों को इस महाविद्यालय में पढ़ता देखकर अपार खुशी हो रही है। यह विद्यालय उन लोगों की तपस्या का परिणाम है जिन लोगों ने यह भूमि दान की है। अगर वे लोग जीवित नहीं हैं तो उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित करना चाहिए। जिन्होंने भूमि दान देकर यह सुनहरा मौका उपलब्ध कराया है। 1980 स्वामी जी को महाविद्यालय बनाने के लिए दान में भूमि दी गई थी। उन्हीं लोगों के प्रयास से यह महाविद्यालय दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसी व्यवस्था है जिसे समाज की शिक्षा शिक्षा समाज की रीढ़ है जिसके कारण समाज की प्रगति होती है शिक्षा समाज की रीढ़ हैं समाज की संस्कृति का आना है जिस प्रकार के



- भूमि दान करने वालों व उनके परिजनों को सम्मानित करने की रखी बात
- कहा कि जिस समाज में बेहतरीन शिक्षा होती है उस समाज को कोई प्रगति से रोक नहीं सकता

शिक्षा लेते आप लेते हैं। उस प्रकार के समाज में की सेवा करने की ऊर्जा प्राप्त होती है। इसकी पूर्ति करने वाला भवन यहां खड़ा है। यह महाविद्यालय केवल ईंट और सीमेंट से नहीं बना है। यह सबकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं अच्छी सोच के कारण खड़ा हुआ है। जिसमें स्वामी जी के अथक प्रयास देखने को मिल रहा है।स्वामी जी को या भूमि जनता ने दान में दी थी और स्वामी जी ने उस भूमि को सरकार को दान किया। अगर यह महाविद्यालय नहीं बना होता तो आने वाली युवा पीढ़ी पूछती कि आपके हाथ में सब कुछ था तब आपने हमें क्या दिया। तो हम क्या जवाब देते? जिस समाज में बेहतरीन शिक्षा होती है उस समाज को कोई प्रगति से रोक नहीं सकता।

**नई शिक्षा नीति लागू करने का किया है प्रयास :** राज्यपाल ने कहा कि बिहार में बेहतर शिक्षा पैदा करना हम सबका दायित्व है। यह हम सबका दायित्व है कि हमारे प्रदेश के सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले। हमने इसके लिए नई शिक्षा नीति लागू करने का प्रयास किया है। जिसके तहत चार वर्ष के स्नातक कोर्स की योजना बन रही है। इसके लिए हाल ही में वीसी की बैठक हुई है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि बिहार के सभी जनता का सहयोग मांगने। यदि लोग हमारा सहयोग करेंगे तो हमें पूरा विश्वास है कि हमारे बिहार का एक भी बच्चे को शिक्षा लेने के लिए बिहार से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बिहार का इतिहास गवाह है कि पहले बिहार में बाहर के लोग बिहार में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। पर आज बिहार के बच्चे बाहर शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते हैं। हमसे कहां गलती हुई हैं। आज हमें नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। आगे कदम बढ़ाने की जरूरत है। हमारे युवा पीढ़ी हमारी तरफ देख रही हैं। बिहार हमारा प्रदेश है, बिहार हमारा गांव हैं फिर भी हमें बिहार से बाहर दिल्ली-मुंबई समेत अन्य प्रदेशों में शिक्षा लेने क्यों जाना पड़ता है।



**बिहार में शिक्षा की प्रगति कोई नहीं रोक सकता :** हम सब लोग स्वामी जी के समक्ष यह प्रण करें कि बिहार की शिक्षा बेहतर करने के लिए वो जिम्मेदार हैं। मुझे लगता है कि इस दिशा में विचार करेंगे तो बिहार के अंतर्गत कोई शिक्षा की प्रगति कोई नहीं रोक सकता हैं। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति शैलेंद्र चतुर्वेदी, मंच संचालन प्रोफेसर रणविजय कुमार सिंह, स्वागत भाषण शैलेंद्र ओझा, पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर, पांडे बिहार विधान पार्षद जीवन कुमार, वर्तमान एमएलसी अवधेश नारायण सिंह, पूर्व विधायक राजेश्वर राज , विधायक मुन्ना तिवारी, शाहपुर विधायक राहुल तिवारी, धनंजय मिश्रा, पारस मिश्रा, दलजीत मिश्रा, धर्मपाल मिश्रा, विरेन्द्र मिश्रा, मनीष मिश्र,समेत अन्य गणमान्य लोगों ने सभा को संबोधित किया है। सीनेट सदस्य संतोष तिवारी, भोजपुर जिलाधिकारी राजकुमार, भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार, एसडीएम सीमा कुमारी, डीसीएलआर मोना झा, बीडीओ राकेश कुमार, बीईओ गुलाम सरवर, सीडीपीओ अलका कुमारी समेत वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**जीयर स्वामी जी ने त्रिदंडी स्वामी जी महाराज की मूर्ति का किया अनावरण :** कॉलेज के उद्घाटन के क्रम में शुक्रवार को जीयर स्वामी जी महाराज ने कॉलेज परिसर में त्रिदंडी स्वामी जी महाराज की मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरान मूर्ति की विधिवत पूजा भी की गई।

## भोजपुर जिले में 15 सब इंस्पेक्टरों सहित 73 अफसरों का तबादला

**केटी न्यूज/आरा**

- एक ही थाने में सालों से जमे और अपना कार्यकाल पूरा कर चुके अफसर हुए इधर-उधर

जिले में विधि व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए भोजपुर पुलिस महकमे में बड़े पैमाने पर तबादला किया गया। जिसमें 15 सब इंस्पेक्टरों सहित 73 अफसर इधर-उधर किए गए हैं। इनमें 58 एएसआई भी शामिल हैं। इन अफसरों में 54 अफसरों को अनुसंधान इकाई, जबकि 19 को विधि-व्यवस्था में भेजा गया है। 21 अफसरों को थाना लेखक का प्रभार दिया गया है। वहीं 20 को विधि व्यवस्था इकाई का अपर थानाध्यक्ष भी बनाया गया है। इसे लेकर गुरुवार की देरशाम एसपी प्रमोद कुमार ने जिला आदेश भी जारी कर दिया था। हालांकि, सूत्रों की मानें तो एक ही थाने में सालों से जमे और अपना कार्यकाल पूरा करने वाले और अफसरों को बदला गया है।

जिला आदेश के अनुसार नगर थाने से दारोगा विनोद कुमार सुमन को बहोरनपुर, मीना कुमारी को नवादा थाना, अशोक कुमार-1 को पीरो थाना, एएसआई प्रमाष कुमार सिंह को जगदीशपुर, मजहर हुसैन को पीरो और संतोष कुमार सिंह को शाहपुर थाना भेजा गया है। नवादा थाने से सब इंस्पेक्टर मुरलीधर सिंह को नगर थाना, एएसआई कामेश्वर दूबे को चरपोखरी, नागेंद्र कुमार सिन्हा को नारायणपुर थाना, त्रिभुवन रात को जगदीशपुर और दिलीप कुमार दूबे को उदवंतनगर थाना भेजा गया है। मुफस्सिल थाने से एएसआई सुमन कुमार को पवना, मनोज पासवान को चौरी और चारजस एक्का को हसनबाजार ओपी भेजा गया है। धोबहां ओपी से एएसआई शिवनाथ यादव का तबादला सिकरहट्टा थाने में किया गया है। इसी तरह उदवंतनगर थाने से एएसआई से सोहन कुमार सिंह को चौरी, नेसार खां को संदेश, गजराजगंज ओपी से एएसआई विजय बहादुर राम को पीरो और रामबाबू राय को कोईलवर थाना भेजा गया है। कोईलवर थाने से दारोगा सुरेश प्रसाद को चरपोखरी, एएसआई धनंजय कुमार शर्मा को ट्रैफिक और उदय शंकर सिंह को गजराजगंज ओपी भेजा गया है। वहीं चांदी थाने से अनि राजाराम पासवान को धोबहां, एएसआई अवधेश सिंह को तरारी और आनंदी रजक को चरपोखरी भेजा गया है। बड़हरा थाने से एएसआई अफताब अहमद खां को नवादा, ध्रुव नारायण सिंह को आयर, वीरेंद्र कुमार विमल को सिन्हा और श्रीराम राय को गड़हनी भेजा गया है। सिन्हा ओपी से एसआई चंद्र भूषण सिंह को बड़हरा, खवासपुर ओपी से दारोगा रंजन कुमार पासवान को नगर थाना और एएसआई बालकृष्ण सिंह को इमादपुर थाना भेजा गया है। ट्रैफिक थाने से एएसआई दिनेश कुमार राय को संदेश, मनोज कुमार-2 को चरपोखरी और धनपाल हरिजन को बड़हरा भेजा गया है। गड़हनी थाने से एएसआई अशोक कुमार आजाद को बड़हरा, पवना से जीतेंद्र कुमार को मुफस्सिल, संदेश थाने से एसआई अरविंद कुमार -1 को अगिआंव बाजार और एएसआई वीरेंद्र राम को ट्रैफिक थाना भेजा गया है। चौरी थाने से दारोगा अवलेश कुमार को अजिमाबाद, एएसआई प्रदीप कुमार पांडेय को उदवंतनगर और मिथिलेश पासवान को मुफस्सिल थाना भेजा गया है। हालांकि, सूची में और भी नाम शामिल हैं, जिनका तबादला हुआ है।

## उम्र के हर पड़ाव पर बदलती हैं स्नेह व कामनाएं: जीयर स्वामी

**केटी न्यूज/आरा**

- शाहपुर में आयोजित ज्ञान यज्ञ में जीयर स्वामी ने दिया प्रवचन

मानव जीवन में मनोरथ का अंत नहीं होता बल्कि एक पूरा हुआ नहीं कि दूसरा मनोरथ खड़ा हो जाता है। बालपन से वृद्धावस्था तक उम्र के हर पड़ाव पर स्नेह और कामनाएं बदलती रहती हैं, लेकिन सुख मृग-तृष्णा बना रहता है। स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य का स्नेह एवं सुख की कामना बाल्यकाल से ही परिवर्तित होता रहता है। शिशु काल में बच्चा मां की गोद में रहना सुख मानता है। बड़ा होने पर पिता के गोद में। फिर साथियों के साथ खेलने में सुख पाता है। विवाह होने के बाद पत्नी के सान्निध्य में सुख का अनुभव करता है। इस तरह मां से शुरू स्नेह उत्तरोत्तर पुत्र-पौत्र की ओर बढ़ता जाता है, लेकिन वास्तविक सुख की प्राप्ति नहीं होती।

उन्होंने कहा कि सुख केले के थम्भ की भाँति है। थम्भ से परत दर परत छिलका हटाते जायें, लेकिन सार तत्त्व की प्राप्ति नहीं होती। सांसारिक विषय भोग में स्थायी सुख (आनन्द) की प्राप्ति संभव नहीं है, क्योंकि ये त्रिगुणी हैं। गुण (सत्त्व रज और तम) हमेशा परिवर्तनशील हैं। मनुष्य का यह भ्रम है कि वह वस्तुओं का भोग करना है; वास्तविकता तो यह है कि वस्तुएं ही



उसका भोग करती हैं। राजा भर्तृहरि कहते हैं कि भोगा न भोक्ता वयमेव भोक्ता यानी हम वस्तुओं का भोग नहीं करते हैं, वस्तुएं ही हमें भोग लेती हैं। अतः विषयों के उपभोग के प्रति अतिशय प्रवृत्ति न रखें। श्री स्वामी जी ने कहा कि अपने परिवार के साथ रहें। उनका भरण-पोषण भी करें लेकिन जीवन भर उसमें अटके-भटकें नहीं। जैसे रेलवे स्टेशन पर बैठा यात्री, स्टेशन की सुख-सुविधा का उपयोग करे, लेकिन ट्रेन आने पर उस सुविधा को त्यागकर ट्रेन में बैठ जाएं। इसलिए मानव का धर्म है कि परिवार रूपी प्लेटफार्म का अनासक्त भाव से सदुपयोग करे, ताकि जीवन यात्रा के क्रम में यह बाधक नहीं बने।

## पांच दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने गए छात्र की डूबने से मौत

**आरा।** भोजपुर के बड़हरा थाना क्षेत्र के नेकनाम टोला घाट पर गंगा स्नान करने के दौरान गहरे पानी में डूबने से एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। वह सतुआनी पर अपने दोस्तों संग गंगा नहाने गया था। तभी गहरे पानी में डूब गया। मृत छात्र बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव निवासी जीतेंद्र कुमार सिंह का 15 वर्षीय पुत्र करन कुमार सिंह था। वह नौवीं कक्षा का छात्र था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

परिजनों ने बताया की शुक्रवार की सुबह लगभग छह बजे करन कुमार अपने पांच दोस्तों के साथ सतुआन पर्व के अवसर पर नेकनाम टोला स्थित गंगा नदी में स्नान करने गया था। उस दौरान वह गहरे पानी में बह डूब गया। उसे देख उसके दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया। शोर भी मचाने लगे। आवाज सुन स्थानीय लोग पहुंचे और खोजबीन कर करन को गहरे पानी से निकाला गया। उसके बाद आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, मौत की खबर मिलते ही छात्र के घर में कोहराम मच गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। मां लालती देवी और बड़ी बहन काजल कुमारी बेहाल थी। वह अपने बड़ी एक बहन व दो भाइयों में दूसरे स्थान पर था।

## हार्वेस्टर की चपेट में आने से यूपी के मजदूर की मौत, शव छोड़ भागे साथी

**केटी न्यूज/आरा**

- हादसे के बाद चालक हार्वेस्टर लेकर भागा

जिले के धनगाई थाना क्षेत्र के डिहरी गांव के जमुना कुंवर मौजा स्थित गेहूं के खेत में हार्वेस्टर की चपेट में आने से यूपी निवासी एक मजदूर की मौत हो गई। मौत के बाद उसके साथी शव छोड़ भाग गये। वहीं चालक भी हार्वेस्टर लेकर भाग निकला। ऐसे में ससे घटना को लेकर देर तक अफरातफरी मची रही। मृत मजदूर उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के रायटांडा नाभिची गांव निवासी रामलड़ैते का 27 वर्षीय पुत्र सोनपाल था।? सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

वहीं शव का पोस्टमार्टम कराने आये एक शख्स ने बताया कि गांव में गेहूं की कटनी करने के लिए हार्वेस्टर मशीन चल रही थी। उसी दौरान हार्वेस्टर मशीन की चपेट में आने से सोनपाल की मौत हो गई। उसके बाद स्थानीय थाने को सूचना दी गयी। तब पुलिस पहुंची और पॉकेट में मिले आधार कार्ड के जरिए उसकी पहचान की गई। इधर, सूत्रों के अनुसार मृत सोनपाल के साथ उसी के गांव के दो अन्य युवक भी गेहूं की कटनी करने के लिए उसके साथ आए थे। लेकिन हार्वेस्टर



मशीन की चपेट में आने से उसकी मौत होने के बाद दोनों भाग गए। इधर, घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## ट्रेन से गिरा बुजुर्ग, मौत

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड के कुलड़िया स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म पर शुक्रवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृतक भदवर (मुसहर टोली) निवासी स्व.भोला मांझी के 65 वर्षीय पुत्र कामेश्वर माझी उर्फ पारा थे। सूचना मिलते ही रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम करवाया गया।

## वेयर हाउस में लगी भीषण आग, 60 लाख से अधिक की संपत्ति राख

**केटी नयूज/आरा**

जिले के बिहिया थाना अंतर्गत अमराई नवादा के पास शुक्रवार को एक वेयर हाउस में भीषण आग लग गई। जिसमें वेयर हाउस में रखे 60 लाख रुपए से अधिक के सामान जलकर राख हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के इलाकों में तैनात लगभग एक दर्जन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाया गया। आग इतनी भयावह थी कि दूर से ही वेयर हाउस से उठती आग की लपटों और धुएं को देखा जा सकता था। हालांकि, अब तक मिली जानकारी के अनुसार किसी की जान नहीं जाने की सूचना मिल रही है। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अमराई नवादा के पास सीएनजी का एक वेयरहाउस है। जिसमें प्लास्टिक के पाइप सहित अन्य सामग्रियां रखी थी। शाम को हाईटेंशन बिजली तार से चिंगारी निकल रही थी। इस बीच लगातार चिंगारी निकलने से वेयरहाउस में आग लगी है। देखते ही देखते वेयरहाउस में रखी सारी सामग्रियों में आग लग गई। प्लास्टिक के



- हाइटेंशन की तार से निकली चिंगारी के कारण लगी आग

पाईप्स व अन्य सामग्रियों के कारण आग ने भयावह रूप ले लिया। इस बीच ग्रामीणों और आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड व वेयर हाउस के मालिक को इसकी जानकारी दी। सूचना देने के थोड़ी देर में एक-एक कर फायद ब्रिगेड की गाड़ियां आने लगी।

**आग के कारण गेहूं और अरहर की फसलों को पहुंचा नुकसान :** दूसरी ओर, वेयर हाउस में अगलगी के कारण आसपास के खेतों में भी आग पहुंच गई। जब फसल कटनी में लगे किसानों ने यह नाराजा देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल गांव के लोगों को इसकी सूचना दी। जिसके बाद ग्रामीण आननफानन में खेतों की ओर भागे। फसल सूखी होने के कारण आग की लपटे तेजी से खेतों में फैलने लगी। इस बीच किसान खेतों में रखे गेहूं और अरहर के बोझों को उठाकर भागने लगे। लेकिन, तब तक आग के कारण आसपास के इलाकों के खेतों में आग ने तांडव मचा दिया। जिससे काफी नुकसान हुआ।

## डुमरांव पीएचसी में फाइलेरिया के मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का हुआ वितरण

# हाथीपांव की रोकथाम के लिए एमएमडीपी किट का इस्तेमाल बेहद जरूरी

- किट के इस्तेमाल के साथ व्यायाम की दी गई जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

लिम्फेटिक फाइलेरियासिस यानी फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जिसका समय पर इलाज नहीं होने से लोग दिव्यांग बन सकते हैं। इसलिए सरकार ने फाइलेरिया को मिटाने की दिशा में प्रयास तेज कर दिया है। इस क्रम में जिले के सभी प्रखंडों में मोरबिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रिवेंशन (एमएमडीपी) क्लिनिक की शुरूआत की गई है। जहां पर फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट के वितरण के साथ उन्हें इसके इस्तेमाल की भी जानकारी



दी जाती है। इस क्रम में शुक्रवार को डुमरांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। जिसमें एमओआईसी डॉ. आर बी श्रीवास्तव के द्वारा मरीजों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें एमएमडीपी के इस्तेमाल के फायदों के संबंध में भी बताया गया। उन्होंने मरीजों को बताया कि एमएमडीपी किट के नियमित इस्तेमाल से मरीज हाथीपांव की बढ़ोतरी पर काबू पा सकते हैं। लेकिन इसके लिए मरीजों को स्वयं जागरूक होना होगा। तभी जाकर उन्हें हाथीपांव से राहत मिलेगी। मौके पर बीएचएम अफरोज आलम, बीसीएम अक्षय कुमार, वीबीडीसी उपेंद्र पांडेय, केयर इंडिया के वीएल बीसी अविनाश झा समेत फाइलेरिया मरीज उपस्थित रहे।

**पांच से 15 वर्ष में दिखते हैं फाइलेरिया के लक्षण :** एमओआईसी डॉ. आरबी श्रीवास्तव ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता । लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे या तो व्यक्ति को हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। हालांकि, अभी तक इसका कोई समुचित इलाज उपलब्ध नहीं है, लेकिन शुरूआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है। संक्रमित होने के बाद मरीजों को प्रभावित अंगों की सफाई सहित अन्य बातों को समुचित ध्यान रखना जरूरी होता है। साथ ही, नियमित व्यायाम कर मरीज अपने पैरों के सूजन को कम कर सकते हैं। इसके अलावा मरीज सोने समय नियमित रूप से मच्छरदानी का इस्तेमाल करें और अपने पैरों के नीचे तकिया या मसनद का भी प्रयोग करें। जिससे सोते समय उनके पैर ऊपर रहे।

**प्रभावित अंगों की सफाई बेहद आवश्यक :** वीबीडीएस उपेंद्र पांडेय ने बताया कि फाइलेरिया ग्रसित अंगों मुख्यतः पैर या फिर प्रभावित अंगों से पानी रिसता है। इस स्थिति में उनके प्रभावित अंगों की सफाई बेहद आवश्यक है। इसकी नियमित साफ-सफाई रखने से संक्रमण का डर नहीं रहता और सूजन में भी कमी आती है। इसके प्रति लापरवाही बरतने से अंग खराब होने लगते हैं। संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए एमएमडीपी किट और आवश्यक दवा दी जा रही है। फाइलेरिया के लक्षण मिलने पर तत्काल जांच कराएं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित होने पर व्यक्ति को हर महीने एक-एक सप्ताह तक तेज बुखार, पैरों में दर्द, जलन, के साथ बेचैनी, त्वचा में लालीपन की शिकायत होने लगती है। एक्यूट अटैक के समय मरीज को पैर को साधारण पानी में डुबाकर रखना चाहिए या भीगे हुए धोती या साड़ी को पैर में अच्छी तरह लपेटना चाहिए। इससे उन्हें काफी हद तक राहत मिलती है।

## बाबा साहेब ने वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने का किया है काम: डीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

आज जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा अंबेडकर जयंती के अवसर पर अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त श्री परितोष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री मनोज कुमार एवं निदेशक डीआरडीए पंकज कुमार घोष ने बाबासाहेब अंबेडकर को माल्यार्पण करते हुए नमन किया गया।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि बाबासाहेब अंबेडकर भारतीय संविधान के निमार्ता होने के साथ साथ एक असाधारण न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ एवं समाज सुधारक थे। उन्होंने वंचित वर्गों के उत्थान तथा उन्हें मुख्यधारा से



जोड़ने के लिए अनेकों कार्य किए। जिसके लिए समाज सदा उनका कृतज्ञ रहेगा। बाबा साहेब के अथक प्रयासों के कारण समाज में समान अधिकारों के लिए कार्य किया जा सका। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के उद्भव के साथ धर्म, जाति, लिंग और अन्य किसी भेदभाव के बिना सभी व्यक्तियों के लिए गरिमामय जीवन को भारतीय संविधान की आत्मा बनाने के लिए बाबा साहेब को शत शत नमन।

## खबरें फटाफट

### पुलिस ने शराब के साथ एक को पकड़ा

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को पकड़ने में सफलता पायी है। पकड़ा गया आरोपी नोनियाडेरा का रहने वाला हरिहर चौधरी का पुत्र राजू चौधरी बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी के पास से करीब दो लिटर देसी शराब बरामद किया है। स्थानीय पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली कि आरोपी शराब को छिपाकर कहीं ठिकाने लगाने जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम नोनियाडेरा सड़क के समीप पहुंची। पुलिस को देखते ही धंधेबाज भागने लगा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धंधेबाज को अपने गिरफ्त में ले लिया। जब इसकी तलाशी ली गयी तो आरोपी के कमर से देसी शराब बरामद हुआ। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

### जमीन विवाद में दो पक्ष भिड़े, चार जख्मी

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एकौनी गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इस मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के चार लोग जख्मी हो गये, जिनका इलाज कराया गया. दोनों पक्षों ने अलग-अलग आवेदन देकर एक-दूसरे के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। एक पक्ष के हरेंद्र उपाध्याय ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मैं अपने खेत से गेंहू कटाई कर उसे जोतवा रहा था। इसी दौरान ओमप्रकाश यादव, क्षत्र यादव, विजय यादव सहित 15 लोग लाठी-डंडा लेकर आ धमके और मेरे ऊपर हमला कर दिया, जिससे मुझे और मेरी पत्नी को चोटें आयी है। पीड़ित ने इस मामले में आठ नामजद सहित सात अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष के नारायण उपाध्याय ने पुलिस को बताया है कि हरेंद्र उपाध्याय, सुरेंद्र उपाध्यक्ष, भरत यादव सहित पांच लोग लाठी-डंडे से लैस होकर मेरे गिट्टी-सीमेंट के दुकान पर आ धमके और मेरी पत्नी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दिया। जब पत्नी ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गयी। जब मैं बचाने पहुंचा तो मेरे साथ भी मारपीट की गयी। इस मामले में पीड़ित ने पांच लोगों पर मामला दर्ज कराया है।

### अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल में लगा मुफ्त जांच शिविर

**डुमरांव।** शुक्रवार को मस्तीचौक छपरा वाले अखंड ज्योति आंख अस्पताल डुमरांव केंद्र में निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में विभिन्न जगहों से आए कुल 86 मरीजों के आंखों की जांच कर मुफ्त दवा वितरण किया गया। जांच में 10 लोगों के आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। उन लोगों को अस्पताल द्वारा फ्री में लेंस प्रत्यारोपण व चश्मा के साथ ही रहना खाना फ्री में दिया जाएगा। कैंप का आयोजन समाजसेवी शशि भूषण ओझा के नेतृत्व में किया गया था।

# सतुआन पर गंगा स्नान करने के लिए घाटों पर देर रात से ही श्रद्धालुओं की रही भीड़



**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार को सतुआन का त्योहार धूम धाम से संपन्न हो गया। पूरे जिले में इस त्योहार पर सुबह में ही लोगों ने स्नान दान कर परंपरागत तरीके से चने व जौ के सत्तू व आम के टिकोले के साथ मुद्रा दान कर सत्तू व आम की चटनी का सेवन किया। इस मौके पर स्नान का विशेष महत्व है। जिस कारण देर रात एक बजे से ही बक्सर के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

दोपहर के पहले तक गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं से बक्सर का चप्पा-चप्पा गुलजार रहा। जिस कारण सुबह में ट्रैफिक व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई थी। हालांकि गंगा घाटों के अलावे चौक चौराहों पर पुलिस प्रशासन मुश्तैद था। बावजूद बड़ी संख्या में गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के कारण देर तक ट्रैफिक बाधित रहा। वहीं गंगा किनारे लोग स्नान के बाद श्रद्धालु जरूरतमंदों के बीच सत्तू, गुड़ आदि दान करते देखे गए। बक्सर के साथ ही सिमरी, चक्की व ब्रह्मपुर प्रखंडो से भी हजारों की संख्या में लोगों के गंगा स्नान करने की जानकारी मिली है।

हालांकि इस दौरान जिले में कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली है। वैसे प्रशासन द्वारा एहतियात के तौर पर कई तैयारियां की गई थी। रामरेखा घाट के अलावे अन्य घाटों पर दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। टैजफिक कंट्रोल के लिए भी घंटो पुलिस के जवान मशक्कत करते दिखे। गंगा घाटनों के अलावे रेलवे स्टेशन, बस स्टेंशन आदि जगहों पर भी भीड़ देखी गई।

**मीन से मकर राशि में प्रवेश करता है सूर्य:** मकर संक्रांति का धार्मिक व पौराणिक महत्व भी है। प्रसिद्ध ज्योतिषि पंडित धनंजय चौबे ने बताया कि इस दिन सूर्य मीन से मकर राशि में प्रवेश करते है। 14 अप्रैल तक सूर्य अपने उतरायण होने का आधा सफर पूरा कर लेते है। इस दिन को ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत माना जाता है। वही इस दिन से खरमास भी समाप्त होता है तथा शुभ लग्न शुरू हो जाते है। धनंजय ने बताया कि इस त्योहार का भारतीय संस्कृति में खास महत्व है तथा बड़े क्षेत्र में इसे मनाया जाता है।

## धूमधाम से मनाई गई संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

# डीएम बोले... करोड़ों देशवासियों के प्रेरणास्त्रोत हैं डॉ. भीमराव अंबेडकर







**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार को जिलेभर में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान लोगों ने उन्हें भारतीय संविधान व लोकतंत्र का जनक बताने के साथ ही शोषितों व वंचितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने वाला महापुरूष बताया। इस अवसर पर डीएम अंशुल अग्रवाल ने अंबेडकर चौक अवस्थित डॉ० भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद वे राजकीय अंबेडकर आवासीय +2 उच्च विद्यालय बक्सर के कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां छात्रों को संबोधित करते हुए डीएम अग्रवाल ने कहा कि डॉ० भीमराव अम्बेडकर एक व्यक्ति से ऊपर एक व्यक्तित्व थे, साथ की एक विचारधारा हैं और लोगो को प्रेरणा देने वाले एक प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि डॉ० भीमराव अम्बेडकर आप लोगों के लिए एक रोल मॉडल हैं। उन्होंने कड़ी चुनौतियों, परिस्थितियों में भी कठिन परिश्रम करते हुए जिन ऊंचाइयों को छुआ वो हम सब लोगों के जीवन के लिए एक आदर्श हैं। डीएम ने डॉ० भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अपने हाथों सम्मानित भी किया। इस मौके पर जिला स्तरीय कई अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे। इसके अलावे बड़ी संख्या में राजनैतिक दलों के कार्यकताओं ने भी बाबा साहब को याद किया है। अंबेडकर जयंती पर जिलेभर में कई समारोह आयोजित हुए है।

**खलासी मोहल्ले में भाजपा ने मनाया अंबेडकर जयंती:** भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई द्वारा भारत के संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंति के अवसर पर नगर के सेवा बस्ती खलासी मोहल्ला में जयंती समारोह मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष कन्हैया राम ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा संयोजक राजवंश सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष पूनम रविदास रही। इस अवसर पर बाबासाहेब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर सभी वक्ताओं ने प्रकाश डाला वक्ताओं ने बाबासाहेब को आधुनिक भारत का नीति निर्धारक बताया। कार्यक्रम का संचालन युवा नेता सौरव तिवारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन राहुल दुबे ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता निर्भय राय, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, लक्ष्मण शर्मा, संत सिंह, सुनील राम, उमा शंकर राय, अजय चौबे, विपुल राय, विकास कायस्थ, मिथिलेश राय, हिरामन राम, प्रभाकर तिवारी, अमित सिंह, राजेश राम समेत अनेक लोग उपस्थित थे। दूसरी तरफ भाजयुमो ने धनसोई मंडल के अमरपुर में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया था। बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया गया। स्वास्थ्य शिविर में दो डॉक्टर डा. जगजीवन बैठा और डॉ. गुलाम सरवर ने निःशुल्क सेवा प्रदान किया। भाजयुमो द्वारा दवाई मुफ्त दिया गया। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ प्रियरंजन चौबे, अक्षय ओझा, कमल क्लब जिला संयोजक अरविन्द कुमार पासवान, लखन मल्होत्रा, संजय सिंह, धनंजय मल्होत्रा, रितेश सिंह, अक्षय ओझा, धर्मेंद्र प्रसाद छोटे, भूषण सिंह आदि मौजूद थे।

### सामाजिक नवजागरण व समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता थे डॉ. भीमराव अंबेडकर: डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज

डुमरांव अनुमंडल कार्यालय के सभागार में भी बाबा साहब भीमराव की जयंति मनाई गई। जिसे संबोधित करते हुए एसडीओ कुमार पंकज ने कहा कि बाबा साहब सामाजिक नवजागरण और समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता थे। संचालन प्रधान सहायक महेंद्र प्रसाद ने किया। समारोह में उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य लोगों ने डॉ अंबेडकर के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। एसडीओ ने कहा कि उनकी जीवनगाथा युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर जाति व्यवस्था का कड़ा विरोध किये और इसे समाज से मिटाने का प्रयास किया। इसके पूर्व एसडीएम कुमार पंकज के अलावे, निर्वाचन पदाधिकारी नवाज सरफराज, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर राजेश कुमार, दुर्गेश सिंह के अलावे कई प्रखंडों के प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।





### सशक्त एवं प्रबुद्ध भारत बनाना चाहते थे बाबा साहब : अखिलेश



लोजपा द्वारा सदर प्रखंड के दहिवर गांव में बाबा साहब की जयंती मनाई गई। इस मौके पर लोजपा जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब सशक्त एवं प्रबुद्ध भारत बनाना चाहते थे। हमें उनके सिद्धांतों का अनुसरण कर देश को विकसित राष्ट्र बनाना होगा। मौके पर संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष ठाकुर भानुशंकर सिंह, जिला प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, आईटीसेल जिलाध्यक्ष पपु पासवान, विस्तार प्रमुख संजीव राय, जिला सचिव राजु पासवान, जिला महासचिव अतुल कुमार पासवान, रबिशंकर प्रसाद, मंटु पासवान, रौशन पासवान, तारकेश्वर पासवान, शिव मोहर राम,शत्रुध्न राम,श्याम लाल पासवान, ध्यान पासवान, शिव जी पासवान, संयुक्त पासवान, बिहारी पासवान, रंजीत पासवान, संसार पासवान, राहुल पासवान, बंगाली पासवान, शुजा पासवान, रामनाथ पासवान, रामाज्ञा पासवान, धनशयाम पासवान, विदेशी पासवान, कमलेश पासवान नंदलाल बारी, सुरेन्द्र राम, अनिल सिंह, छोटेलाल पासवान, सनिस बौद्ध, दिनु सिंह, मगन राय आदि थे।

## एक नजर

### सुमित्रा कॉलेज पथ को जलजमाव से नहीं मिली निजात, पैदल चलना मुश्किल, लोगों में आक्रोश



**डुमरांव।** डुमरांव के इकलौते महिला कॉलेज में शुमार सुमित्रा महिला कॉलेज के मुख्य मार्ग पर पिछले लंबे समय से जलजमाव की समस्या गंभीर बनी हुई है। राज हाई स्कूल से सुमित्रा कॉलेज मोड़ तक जलापूर्ति का पाइप फटने से आए दिन इस रोड में जलजमाव की समस्या झेलनी पड़ रही है। जिस कारण कॉलेज की छात्राओं सहित आस पास के लोगों में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इस पथ में जो जलापूर्ति पाइक बिछाया गया है वह दोयम दर्जे का है तथा अक्सर यह फट जाता है जिस कारण सड़क पर पानी जमा हो जा रहा है। हालांकि कुछ दिन पहले नगर परिषद द्वारा इसकी मरम्मत करवाई गई थी। लेकिन एक बार फिर से पाइप फट गया है और जलजमाव होना शुरू हो गया है। कॉलेज की स्नातक की छात्रा अंजली कुमारी, नेहा कुमारी, मान्या कुमारी, सलोनी कुमारी आदि ने बताया कि जलजमाव के कारण उन्हें कॉलेज आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही स्थानीय निवासी सिपू सिंह, नमो नारायण मिश्र ने बताया की मानें तो जलजमाव के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो जा रहा है। बता दें कि पूर्वी रेलवे क्रासिंग से बड़ा बाग होते हुए यह पथ राज हाई स्कूल के पास एनएच 120 में मिल जाती है। जिस कारण नया भोजपुर की तरफ से आने वाले लोगों के लिए यह सड़क काफी उपयोगी साबित होती है। लेकिन लगातार जलजमाव के कारण इसके अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। लोगों ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से इस पथ में बिछाए गए पाइप को बदल दूसरा पाइप लगा जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

### अच्छी पहल: ग्रामीणों के प्रयास से कन्या मध्य विद्यायल बघेलवा का रास्ता निर्माण शुरू



**राजपुर।** प्रखंड के तियरा पंचायत अंतर्गत बघेलवा गांव में बक्सर कोचस मुख्य पथ से कन्या प्राथमिक विद्यालय तक रास्ते में हुए अतिक्रमण को ग्रामीणों के सहयोग से हटाया गया। गांव के विकास को लेकर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बिहारी रजक के नेतृत्व में ग्रामीणों की बैठक बुलाई गयी थी। जिसमें गांव के मौजूद सभी समुदाय के ग्रामीणों ने गांव के विकास को लेकर सहमति जाहिर करते हुए स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया था। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि बक्सर कोचस मुख्य पथ से होकर बटेश्वर साह के घर होकर कन्या प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाले रास्ते में ग्रामीणों के द्वारा सीढ़ी एवं कई दीवार बना दिए जाने से कच्चे रास्ते से होकर पैदल जाना भी मुश्किल था। इस रास्ते को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त कर चौड़ीकरण भी कर दिया गया और शुक्रवार से ही मनरेगा योजना के तहत लाखों रुपए की लागत से ईंट सोलिंग का काम शुरू कर दिया गया। इससे पूर्व बीडीसी प्रतिनिधि की मौजूदगी में गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर फीता काटकर इस रास्ते का शिलान्यास किया। इस मौके पर ग्रामीण मनोज कुमार तिवारी, पिंटू शर्मा, ओमप्रकाश, मुन्ना तिवारी, गौरी शंकर पांडेय, शशिकांत सिंह, नरेंद्र सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह एक अच्छी पहल हुई है। रास्ते पर्र इंट सोलिंग भी शुरू हो गया है। अब मुख्य पथ से गांव के अंदर जाने के लिए कोई भी व्यक्ति चार पहिया गाड़ी से आसानी से अपने घर तक पहुंच सकता है।

### राकांपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने एमएलसी से की आयुर्वेदिक कॉलेज के जीर्णोद्धार की मांग

**बक्सर।** राकांपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिनोधर ओझा ने गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से अवधेश नारायण सिंह के लगातार छठवी बार जीत दर्ज करने पर उन्हें बधाई दी है। वही उन्होंने उम्मीद जताया कि है कि इस उनके एमएलसी फंड से अहिरौली स्थित धनवंतरी आयुर्वेद महाविद्यालय का जीर्णोद्धार होगा। श्री ओझा ने उनकी जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि श्री सिंह सर्वमान्य नेता है। यह चुनाव पार्टी के चुनाव चिह्न पर नहीं हुआ था। ये भाजपा में थे और है, लेकिन लोगों ने उनको वोट भाजपाई होने के कारण नहीं बल्कि एक सहृदय मिलनसार व्यक्ति होने के कारण दिया है। उन्होंने एमएलसी का ध्यायन आकृष्ट कराते हुए बताया कि धन्वंतरी आयुर्वेदिक महाविद्यालय सह अस्पताल में 2005 से नामांकन बंद है। यहा के अधिकांश प्रो दूसरे कॉलोजों में स्थानांतरित हो चुके है या सेवा निवृत हो चुके है। एकमात्र मान्यता प्राप्त महाविद्यालय जिसमें कभी इसमें एनाटॉमी की पढ़ाई होती थी। लेकिन इस आयुर्वेदिक महाविद्यालय का जमीन अतिक्रमण का शिकार हो चुका है तथा भवन खंडहर होते जा रहे है। उन्होंने एमएलसी से इसके पुनरूद्धार की मांग की है।

## स्मृति संदर्भ सह श्रद्धांजलि सभा में विवेक को याद कर नम हुई बुद्धिजीवियों की आंखें

# पुण्यतिथि पर याद किए गए पत्रकार स्व विवेक सिन्हा, आयोजित हुए कई कार्यक्रम

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के युवा पत्रकार विवेक की स्मृति में स्थानीय नगर भवन में स्मृति संदर्भ सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विवेक सिन्हा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट बक्सर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बक्सर के चिकित्सक डॉ भूपेंद्र नाथ और ट्रस्ट के संरक्षक विनय कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित और उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित था, प्रथम सत्र में विवेक से सम्बंधित यादों को विस्तार देते हुए वक्ताओं ने अपनी-अपनी बातें रखीं। दूसरे सत्र में अंतर स्कूल डांस कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए विमल कुमार सिंह ने कहा कि विवेक एक निर्भिक पत्रकार, कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक और जुझारू समाजसेवी थे जो जीवन के विभिन्न मोर्चे पर अपने कृतित्व के द्वारा बेहतर प्रतिमान गढ़े। बतौर मुख्य अतिथि डॉ भूपेंद्र नाथ ने स्मृति सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विवेक एक बेहतर इंसान थे जिनके संपर्क में जो आया वह उन्हीं का हो गया चाहे पत्रकारिता जगत हो या शैक्षिक जगत हर जगह वे बेहतर कार्य किये। ट्रस्ट के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर दीपशिखा ने कहा कि विवेक दबे-कुचले की आवाज थे। ट्रस्ट के सचिव विनय कुमार सिन्हा ने कहा कि विवेक की स्मृति को जिंदा रखने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा नगर भवन का नाम उनके नाम पर रखने की घोषणा की गयी थी, पर इतने दिन बीत जाने के बाद पूरी नहीं हो सकी है। श्रद्धाजंलि सभा में विवेक की पत्नी नीतू सिन्हा व पुत्री विशालिनी विवेक समेत बक्सर के गणमान्य बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने बड़ी संख्या में श्रद्धा सुमन समर्पित किये। स्मृति संदर्भ में अपना विचार रखने वालों में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष माधुरी कुंवर, डॉ ए के सिंह, अरविंद प्रताप शाही, प्रमोद चौबे, अजय मिश्र, धीरज पांडेय, अशोक कुमार, जितेंद्र सिंह समेत अन्य लोग थे।



# नगर निकाय चुनावः एक प्रत्याशी के एक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चार नामांकन होंगे मान्य

**केटी न्यूज/बलिया**

- 17 से 24 अप्रैल तक चलेगी नामांकन प्रक्रिया

अधिसूचना के मुताबिक, प्रत्याशी जमानत की धनराशि ट्रेजरी चालान से बैंक या फिर कोषागार में जमा करेंगे। कोई भी प्रत्याशी एक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चार नामांकन भर सकता है। नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए सोमवार 17 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन का सिलसिला 24 अप्रैल तक चलता रहेगा। 17 अप्रैल से निर्धारित कक्ष में नामांकन पत्रों की बिक्री व जमा करने का काम नामित आरओ व एआरओ आयोग के निर्देशानुसार पूरा करेंगे।

जिले में नगर पालिका परिषद बलिया व रसड़ा और नगर पंचायत बैरिया, रेवती, सहतवार, बांसडीह, मनियर, सिकंदरपुर, बेल्थरारोड, नगरा, रतसड़कला और चितबड़ागांव में अध्यक्ष पद की 12 व सभासद की 195 सीटें पर 17 अप्रैल से निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होगी।

बलिया सदर तहसील में नगर पालिका, बलिया के अलावा नगर पंचायत चितबड़ागांव और रतसड़कला में अध्यक्ष और सभासद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार नामांकन करेंगे। इसके अलावा बांसडीह तहसील में नगर पंचायत रेवती, सहतवार, बांसडीह और मनियर के अध्यक्ष और सभासद पद के उम्मीदवार नामांकन करेंगे। जबकि सिकंदरपुर तहसील में नगर पंचायत सिकंदरपुर, बेल्थरारोड



तहसील में नगर पंचायत बेल्थरारोड और बैरिया तहसील में नगर पंचायत बैरिया के उम्मीदवार पर्चा दाखिला की प्रक्रिया पूरी करेंगे। इसके अलावा रसड़ा तहसील में नगर पालिका रसड़ा और नगर पंचायत नगरा में अध्यक्ष और सभासद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार अपना नामांकन करेंगे। संबंधित निकाय में एक वर्ष से अधिक की बकाएदारी न होने का प्रमाणपत्र जमानत राशि जमा करने की रसीद आरक्षित पदों के प्रत्याशियों को जाति प्रमाणपत्र के साथ शपथ पत्र, आपराधिक और संपत्तियों का ब्योरा नोटरी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार से सत्यापित शपथ पत्र शामिल रहेगा। इसके अलावा कोई भी मतदाता एक से अधिक प्रत्याशी का प्रस्तावक नहीं बन सकेगा।

### उम्मीदवार के साथ चार लोगों को मिलेगा प्रवेश

आयोग के निर्देश के मुताबिक, प्रत्याशी जमानत की धनराशि ट्रेजरी चालान से बैंक या फिर कोषागार में जमा करेंगे। कोई भी प्रत्याशी एक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चार नामांकन भर सकता है। लेकिन, जमानत राशि एक बार ही जमा करनी है। प्रत्याशियों के साथ प्रस्तावक, निर्वाचक अभिकर्ता, एक सहयोगी समेत चार लोगों को नामांकन कक्ष तक जाने की अनुमति दी जाएगी। नामांकन पत्र में दर्ज ब्योरा रोजाना देर शाम तक राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है।

### बिना डीएम की अनुमति के नहीं होगा प्रचार

जिला प्रशासन की अनुमति के बगैर प्रचार-प्रसार नहीं किया जा सकेगा। किसी व्यक्ति की तरफ से राजनीतिक दल व उनके प्रत्याशियों की अनुमति के बिना उनके पक्ष में सामग्री प्रकाशित नहीं कराई जाएगी। इसके उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। वहीं, आयोग के निर्देशानुसार नामांकन स्थल से 200 मीटर की परिधि के बाहर ही प्रत्याशियों के साथ आने वाली भीड़ को रोका जाएगा। नामांकन स्थल पर कानून व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। इसके उचित इंतजाम किए जा रहे हैं।

### संविदाकर्मी नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन के मुताबिक शिक्षामित्र, आंगनबाड़ी कर्मी, रोजगार सेवक समेत अन्य संविदा कर्मचारी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। वहीं एक मतदाता समान पद के दो उम्मीदवारों का प्रस्तावक नहीं हो सकेगा। प्रत्याशियों के प्रस्तावक के लिए निर्वाचन आयोग ने गाइड लाइन जारी कर दी है। पति-पत्नी और अलग-अलग पदों के उम्मीदवार एक-दूसरे के प्रस्तावक बन सकते हैं। एक ही व्यक्ति एक से अधिक पद के उम्मीदवारों का प्रस्तावक मान्य होगा।

### एक नजर में चुनाव का पूरा शेड्यूल

- नामांकन पत्र जमा करना 17 से 24 अप्रैल (सुबह 11 से 3 बजे तक)
- नामांकन पत्रों की जांच 25 अप्रैल (सुबह 11 से कार्य की समाप्ति तक)
- नाम वापसी 27 अप्रैल (सुबह 11 से कार्य की समाप्ति तक)
- चुनाव चिह्न आवंटन 28 अप्रैल (सुबह 11 से कार्य की समाप्ति तक)
- मतदान 11 मई (सुबह 7 से शाम 6 बजे तक तक)
- मतगणना 13 मई (सुबह 8 से परिणाम घोषित होने तक)

## हेमंत हत्या मामले में छात्र संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरफ्तार



**बलिया।** शहर के बीचो-बीच स्थित सतीश चन्द्र कालेज के बाहर निर्मम तरीके से की गई टीडी कॉलेज के छात्रनेता हेमंत यादव की हत्या मामले में पुलिस एक्शनमोड में हैं। हत्याकांड के 24 घंटे के अंदर सात आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी पुलिस ने मुख्य आरोपी टीडी कॉलेज छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष शिप्रांत सिंह गौतम को भी गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में चालान न्यायालय कर दिया।

गौरतलब हो कि मंगलवार को सतीश चंद्र कॉलेज के पास कुछ युवकों ने टीडी कालेज के छात्रनेता पकड़ी थाना क्षेत्र के धड़सरा निवासी हेमंत यादव पर हमला कर दिया था। हेमंत की बचाव में आए साथी सुखपुरा थाना क्षेत्र के जीराबस्ती निवासी आलोक यादव के साथ भी हमलावरों ने मारपीट की। दोनों को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद हेमंत को रेफर कर दिया। परिजन हेमंत को लेकर मऊ के निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

इस मामले में मृतक के भाई सचिन यादव ने 9 नामजद और 6-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करवाया। मामले में एसपी राजकरन नय्यर ने एएसपी डीपी तिवारी के नेतृत्व में तीन टीमें गठित के। टीमों ने 24 घंटे के अंदर ही 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, हत्याकांड के मुख्य आरोपी शिप्रांत सिंह गौतम को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस तरह अब तक 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

अब तक की पुलिसिया अनुसंधान में यह बात सामने आई है कि हेमंत यादव की हत्या एक साल पहले कॉलेज के छात्र संघ के चुनाव के दौरान हुई मारपीट की पुरानी अदावत के कारण की गई। लेकिन इस घटना के बाद अमन के परिजन पूरी तरह से टूट चुके हैं।

## कहीं निकली बाइक रैली, तो कहीं श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

# बाबा साहब की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब उनके बताए मार्गों पर हम चलें : डीएम

- गाजीपुर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की हर्षोल्लास से मनाई गई 132वीं जयंती

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू में हुआ था। उनके पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल और माता भीमाबाई था। बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व का आत्मसात करना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। रायफल क्लब सभागार गाजीपुर में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब उनके बताए गए विचारों पर चलें। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने एक समाज को दूसरे समाज से जोड़ने का कार्य किया। भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है। कहा कि उनका विचार थे कि समाज में समता होनी चाहिए। सभी को बराबर का सम्मान, अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए। डॉ. आंबेडकर अंबेडकर का पूरा जीवन संघर्ष, सत्यनिष्ठा, लगन व वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है।

उन्होंने व्यक्तिगत जीवन में अनेक बाधाओं व कष्टों को सहा, लेकिन कभी भी अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुए। सार्वजनिक जीवन मे उन्होंने अश्पृश्यता व भेदभाव का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि महापुरूषों के जीवन का अनुसरण करते हुए व्यक्ति को उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलकर देश, प्रदेश की तरक्की, खुशहाली के लिए अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए।जिलाधिकारी ने बाबा साहब के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि बाबा साहब के बताए गए रास्तों पर चल कर देश को आगे बढ़ाना है। कहा कि जो अपने सुखसाधनों को छोड़कर देश का हित करें, ऐसे महान व्यक्तियों को नमन करते हैं। देश बदलना है, तो शिक्षित होना बहुत जरूरी है। बाबा साहब ने समाज में परिवर्तन लाने के लिए अनोखा कार्य किया है। समाज के सभी वर्ग एक ही पंक्ति में खड़े हो सकें, ऐसे उनके विचार थे। संविधान निर्माण में उन्होंने सभी धर्म, वर्ग, जाति को एक समान करने का विशेष ध्यान रखा। नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है कि सभी कार्यों का समय से निर्वाहन करें।अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने बाबा साहब के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि संविधान में समाज के हर वर्ग, जाति को बराबर का दर्जा दिया गया है। जिस व्यक्ति को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे समय से निभाएं। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




### भाजपा ने बूथ स्तर पर आयोजित किए कार्यक्रम



**गाजीपुर।** बोधिसत्व बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के 132वें जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर पर मनाया। भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय की अध्यक्षता मे विचार गोष्ठी आयोजित कर बाबा साहब के व्यक्तित्व, कृतित्व पर चर्चा की गई। गोष्ठी में बोलते हुए कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि बाबा साहब सामाजिक समता और समरसता के प्रबल पक्षधर थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहब अम्बेडकर जी के सोच और सपने को अक्षरसः पुर्ण कर रहे है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद मे समाज के अंतिम व्यक्ति की चिन्ता करता है जो बाबा साहब की सोच थी। पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनिल सिंह, नगरपालिका निवर्तमान अध्यक्ष सरिता अग्रवाल,सुरेश बिंद,अच्छे लाल गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, रासबिहारी राय, प्रमोद अग्रवाल, अर्जुन सेठ, राजन प्रजापति, श्रीप्रकाश केसरी, गोपाल राय, सुनील गुप्ता, राजीव कुमार सिंह, अभिनव सिंह छोटू, मुरली कुशवाहा, काशी चौहान, हेमंत त्रिपाठी, अजय कुशवाहा, मंजय चौहान,निखिल राय, अनिल वर्मा, सुशील वर्मा, रामेश्वर तिवारी, सुधिर केशरी आदि उपस्थित रहे।

ग्रामवासियों ने भव्य **मोटर साइकिल यात्रा निकाली :** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शुक्रवार को ग्रामवासियों ने भव्य मोटर साइकिल यात्रा निकाली। इस बीच बाबा साहब अमर रहे व जय भीम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। बता दें कि पिंटू भारती निवासी देवरियां की देख-रेख में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मोटर साइकिल जुलूस ग्रामसभा बैरनपुर से निकाली गई। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। चार चक्का वाहन पर बाबा साहब का फोटो रखकर व वाहन को सुंदर ढंग से सजाया गया। वाहन के पीछे मोटर साइकिल जुलूस जिसमें बाबा साहेब अमर रहे व जय भीम का गगन चुम्बी नारा लगाते हुए एनएच 24 पर लोग बढ़ते जा रहे थे। जुलूस देवरिया, मतसा, ताजपुर, बडेसर, स्टेशन बाजार बाईपास से मदनपुरा होते हुए ग्राम बरूइन स्थित डॉ. अम्बेडकर पार्क तक पहुंची, जहां जुलूस को समाप्त किया गया। जुलूस में शामिल लोगों ने बताया कि बाबा साहब का विचार जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनकी जयंती के उपलक्ष्य में यह जुलूस निकाला गया है। देवरिया बाबा साहेब की मूर्ति के बगल में एके गोष्ठी का आयोजन भी किया गया तथा साथ ही चैता कार्यक्रम भी होगा। जिसमें प्रताप रोहिणी, सुरेंद्र जुगनू और क्षेत्रीय कलाकार मौजूद रहेंगे।

**विधायक टी राम ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया :** बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर वाराणसी जनपद के अजगरा विधानसभा के विधायक टी राम जनपद में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। शुक्रवार को करंडा के मदनपुर उर्फ प्रतापपुर, सैदपुर के आगापुर उर्फ राजापुर, महमूदपुर हथिनी, जंगीपुर विधानसभा के नसरतपुर, मलिकनाथपुर और दुगुर्शी में भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। विधायक टी राम ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभा यात्रा में भी भाग लिया। विधायक टी राम ने कहा कि आजादी के बाद केन्द्र और प्रदेश कि यह पहली सरकार है, जो बाबा साहब के सपनों को पूरा करने का काम कर रही है। आज गरीब से गरीब आदमी को भोजन, कमजोर से कमजोर व्यक्ति को सम्मान मिल रहा है।भय और भुख से दूर समाज का हर व्यक्ति सरकार कि योजनाओं का बिना भेद भाव लाभ प्राप्त कर रहा है। मौके पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष शैलेष राम, लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय, प्रो शोभनाथ यादव, सुनिल सिंह, प्रवीण सिंह, दयाशंकर पांडेय, अवधेश राजभर, शीला सोनकर, अच्छे लाल गुप्ता, विस्तारक रविप्रकाश, पुर्नवासी राम, पंकज सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को मानती है एआईएमआईएम पार्टीः शमीम

**केटी न्यूज/बलिया**

भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के कैंप कार्यालय बहेरी में शुक्रवार को आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी के कार्यकताओं ने बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर अमर रहे, और एआईएमआईएम पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि पूरे देश में केवल हमारे ही पार्टी है जो बाबा साहब डॉ अंबेडकर के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलकर दलित, पिछड़े, शोषित वंचितों की लड़ाई लड़ने का काम करती है। हमारे नेता बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब पूरे देश में संविधान व संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों की लड़ाई लड़ते हैं। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, पूर्वांचल के पूर्व महासचिव कालिका प्रसाद, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी,कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, त्रिभुवन राम, राम कुमार राजभर, छोटन राजभर, संपत लाल, तितिल राम, बब्लूराम, नसीम खान आदि लोग मौजूद रहे।



### जनपद में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**बलिया।** संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के बाद भारत में सभी को समानता का अधिकार मिले। इसके लिए संविधान सभा का गठन किया गया और उसमें प्रारूप समिति का अध्यक्ष डॉ अंबेडकर को बनाया गया। अंबेडकर की ही देन है कि आज हम सभी को बराबरी का दर्जा प्राप्त है और भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। आज विश्व के अन्य देश भारत के लोकतंत्र से शिक्षा लेते हैं और अपने यहां भी भारत जैसा लोकतंत्र स्थापित करने का प्रयास करते हैं। भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान हमें दिया उसके लिए हम भारतवासी हमेशा उनके आभारी रहेंगे और यदि हम डॉ अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते है तो उनके बनाए संविधान के प्रति आस्था और विश्वास बनाए रखें और उसका पालन करें।

## एक नजर

### कब्बड्डी के स्टेट चैंपियन ने लगाई फांसी, मौत



**गाजीपुर।** मरदह थाने के ताहिरपुर बरेंदा गांव में कबड्डी का स्टेट चैंपियन विजय बहादुर सिंह (30) पुत्र उदयशंकर सिंह का शव घर के कमरे में गमछे के सहारे कुंडी से लटकता मिला। विजय बहादुर सिंह की मां ने जब सुबह उसे जगाने गई तो वह अंदर का दृश्य देख चिल्लाने लगी। इसके बाद लोगों को घटना कि जानकारी हुई। छत से लटककर आत्महत्या की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। बता दें कि विजय बहादुर सिंह मां- बाप की इकलौता संतान थे। उनकी शादी वर्ष 2020 में भदौरा क्षेत्र के? अमौरा गांव में हुई थी। मृतक स्नातक की शिक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही कब्बड्डी के स्टेट चैंपियन खिलाड़ी भी थे।उनकी पत्नी चांदनी सिंह के दो बच्चों में परी सिंह तीन वर्ष एवं छह माह? का पुत्र है, जो अभी गोद में है। पत्नी बच्चे के साथ पिछले चार माह से अपने मायके में थी। घर पर सिर्फ उसके पिता उदयशंकर सिंह व माता सुशीला देवी थी। ग्रामीणों के अनुसार विजय बहादुर शराब का आदि भी हो गया था। परिजनों ने बताया कि बीते बृहस्पतिवार की देर शाम को बाजार से वह सब्जी सहित कई समान लेकर घर आया था। फिर वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार की सुबह जब मृतक की मां सुशीला देवी उसे जगाने उसके कमरे में गई, तो स्थिति देख आवक हो गई और शोर मचाई तथा गश खाकर जमीन पर गिर गई। माता सुशीला देवी ने बताया कि मेरा बेटा बहू और दोनों बच्चों को लाने के लिए शुक्रवार को जाने वाला था पर बहू की विदाई से पहले वह खुद विदा हो गया। सूचना पर मायके से ताहिरपुर गांव सुबह पहुंची विजय बहादुर सिंह की पत्नी चांदनी समेत स्वजनों के रोने बिलखने से गांव का माहौल गमगीन हो गया।

### इंवर्टर का करेंट लगने से युवक की गई जान



**गाजीपुर।** जमानियां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवढ़ी में शुक्रवार को इंवर्टर का करेंट लगने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बता दें कि युवक निजामुद्दीन (35) पुत्र सलाउद्दीन गाँव स्थित मस्जिद का देखरेख कर रहा था। रमजान के पवित्र माह में युवक मस्जिद का साफ-सफाई कर रहा था। उसी दौरान इन्वर्टर का तार अचानक स्पर्श हो गया, जिससे वह गम्भीर रूप से झुलस गया। मस्जिद में मौजूद एक छोटा बच्चा युवक को तड़फड़ाते देख बाहर जाकर चिल्लाने लगा तो ग्रामीण मौके पर पहुँचे और इन्वर्टर का कनेक्शन काटकर युवक को तत्काल बिहार प्रान्त के थाना रामगढ़ स्थित अस्पताल में ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया लेकिन परिजनों को संतोष नहीं हुआ और चन्दौली जनपद स्थित चिकित्सक ले गये वहां भी चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी सोनी व परिजनों का ऑसू रुकने का नाम ही नहीं ले रहा था। ग्रामीण परिजनों को ढ़ाढ़स बढ़ा रहे थे। जबकि मृतक का डेढ़ साल का बच्चा दिलशाद इस घटना से बेखबर अपनी माँ को रोता देख दूसरे के गोद में गुमशुम पड़ा था। सूचना पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह व लेखपाल मंतोष सिंह मौके पर पहुँचकर यथा सम्भव मदद दिलाने का भरोसा दिया।

### चोरी की दो बाइक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, चोरी में प्रयुक्त कार व मोबाइल बरामद



**मऊ।** चिरैयाकोट नगर के मनाजीत बाईपास के पास से शुक्रवार को स्थानीय पुलिस ने दो चोरों को चोरी की बाइक व मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। साथ ही, चोरी की घटना में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दिन में लगभग 11 बजे मनाजीत के पास मुखबिर की सूचना पर स्थानीय थानाध्यक्ष गंगासागर मिश्र ने पुलिस बल के साथ घेराबंदी करके दो शातिर चोरों विशाल यादव पुत्र स्व. रामअवध यादव व नीरज कुमार यादव पुत्र रमेश यादव समस्त निवासी सा. समसुद्दीनपुर थाना चिरैयाकोट जनपद-मऊ को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल व एक रीयल मी मोबाइल बरामद हुई। वहीं चोरी की घटना में प्रयुक्त एक कार भी पुलिस ने बरामद कर सीज किया तथा गिरफ्तार आरोपियों का संबंधित धाराओं में पुलिस ने न्यायालय चालान कर दिया। विदित हो कि बुधवार को सुबह लगभग साढ़े 6 बजे सब्जी मंडी के पास एक कोचिंग सेंटर के सामने से स्प्लेंडर बाइक चोरी होने के संबंध में हरिकेश चौहान पुत्र पतरू चौहान सा. भीखमपुर थाना चिरैयाकोट जनपद-मऊ ने तथा उसी दिन राहुल यादव पुत्र रामदरश सा० मनाजीत थाना चिरैयाकोट मऊ ने अपनी मोबाइल चोरी होने का मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसका खुलासा स्थानीय पुलिस ने दो दिन में ही कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष गंगासागर मिश्र के साथ एसआई कमला प्रसाद, हेड कांस्टेबल मनोज शर्मा, बृजेश यादव,सुधीर यादव, कांस्टेबल दिनेश यादव, मनोज यादव, अतुल गौड़ व महिला कांस्टेबल लक्ष्मी शामिल रहे।